सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 11 | इंदौर, सोमवार 22 जुलाई, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## Headline

1. USA: भारतीय मूल के तीन अमेरिकी सांसदों ने राष्ट्रपति पद के लिए कमला हैरिस का किया समर्थन, अन्य ने बनाई दूरी
2. Sawan 2024: सावन के पहले सोमवार पर बिहार में बड़ा हादसा; गंगा में चार लड़के डूबे, सात को बचाया गया

### साइबर फ्रॉड रोकने के लिए...

# सक्रिय इंदौर पुलिस

## ठगोरों ने लोगों को लगाई करोड़ों की चपत, लेकिन रुपए नहीं निकाल सके



शहर में सायबर फ्रॉड के मामले भी दिनोदिन सामने आ रहे हैं। लगातार बढ़ते साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए इंदौर पुलिस ने भी सक्रिय होकर हाइटेक तरीके अपना शुरू कर दिए। यही कारण है कि अब भले ही सायबर अपराधी पुलिस की गिरफ्त न आ पाते हो, लेकिन वे अपने मंसूबों में कामयाब नहीं हो पाते। दरअसल सायबर ठगी होने के बाद इंदौर क्राइम ब्रांच पुलिस पीड़ितों को पैसा रिफंड करवाने में जुटी हुई है। 2024 के छह माह में ही क्राइम ब्रांच अभी तक 4 करोड़ रुपए से ज्यादा की फ्राड राशि रिफंड करवा चुकी है।

@ DGR विशेष

**इंदौर। सायबर अपराध रोकने के लिए नए आधुनिक संसाधनों का उपयोग करके इंदौर पुलिस द्वारा बीते तीन वर्षों में करोड़ों रुपए की राशि लोगों को दिलाई जा चुकी है, जो सायबर ठगी का शिकार हुए थे। इतना ही नहीं सायबर क्राइम से बचने के लिए पुलिस के विशेष अभियान के तहत अभी तक क्राइम ब्रांच के एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया की कार्यशाला में अभी तक एक लाख से ज्यादा लोगों को सायबर क्राइम से बचने के टिप्स दिए जा चुके हैं। हालांकि इन सबके बाद बाद भी सायबर ठगी के मामले थम नहीं रहे हैं।**

क्राइम ब्रांच द्वारा संचालित सायबर हेल्प वाइन ,सिटीजन काप,एनसीआरपी पोर्टल आदि से प्राप्त ऑनलाइन फ्राड की शिकायतों पर क्राइम ब्रांच की फ्राड इनवेस्टीगेशन सेल द्वारा आवेदकों से फ्राड की जानकारी लेकर रिफंड करवाया जा रहा है। ठगी के शिकार व्यक्ति द्वारा तत्काल शिकायत करते ही यह सेल काम करना शुरू कर देती है और सबसे पहले उस खाते को फ्रिज करा दिया जाता है और राशि का आहरण रोक दिया जाता है। यदि ठगी की शिकायत करने में देरी हो जाती है तो फिर राशि का आहरण रोकना मुश्किल हो जाता है।

**इंदौर पुलिस ने छह माह में 4 करोड़ रुपए से ज्यादा रिफंड कराए**

### ◆ बीते वर्षों में इतने करोड़ रुपए कराए वापस

आन लाइन फ्राड की शिकायतों में वर्ष 2021 में 1 करोड़ 37 लाख रुपए आवेदकों को वापस कराए गए थे जबकि कमिश्नर सिस्टम लागू होने के बाद 2022 में 3 करोड 92 लाख रुपए और 2023 में 4 करोड़ 32 लाख रुपए रिफंड करवाए गए। वर्ष 2024 जनवरी से जून के शुरू के केवल 6 माह में आवेदकों के 4 करोड़ 9 लाख से अधिक राशि सकुशल वापस कराई गई।

### ◆ जनजागृति अभियान भी जारी

इसके साथ ही पुलिस आन लाइन फ्राड से बचने के लिए जनजागृति के तहत कार्यशालाओं का आयोजन निरंतर कर रही है। पुलिस ने अपील की है कि आपके साथ किसी भी प्रकार की ऑनलाइन की धोखाधडी होने पर तत्काल क्राइम ब्रांच की सायबर हेल्पलाइन नंबर 704912.4445, 1930,सिटीजन काप,एनसीआरपी पोर्टल आदि से शिकायत करे।

## इन तरीकों से करते हैं ठगी

- ठग द्वारा कॉल कर स्वयं को बैंक अधिकारी बताकर क्रेडिट-डेबिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने, गिफ्ट वाउचर रिडीम करने एवं एनुअल चार्जेस कम करने का बोलकर ठगी की जाती है।
- जल्दबाजी एवं विश्वसनीयता की जांच किए बिना ई-कॉमर्स वेबसाइट, कोरियर, बैंक एवं वालेट्स कंपनी आदि के फर्जी कस्टमर केयर नंबर पर सर्च करने पर वे ठग के संपंर्क में आ जाते हैं और खाते से पैसा गायब हो जाता है।
- ठग द्वारा परिचित बनकर झूठी निजी परेशानी बताकर तत्काल मदद ले नाम से फर्जी कॉल एवं सोशल मीडिया के माध्यम से संपर्क करके पैसे की मांग कर कई लोगों से ठगी हो चुकी है।
- ठग द्वारा बैंकिंग व बिजली विभाग के अधिकारी या अन्य किसी भी प्रकार का झूठ बोलकर संपर्क करके लोगो के मोबाइल रिमोटली एसेस हेतु एनीडेस्क,टीम व्यूवर,क्विक सपोर्ट आदि ऐप डाउनलोड करवाकर भी आन लाइन ठगी की वारदातें होती हैं।
- फर्जी वेबसाइट पर सोशल मीडिया आदि के माध्यम से लोगो की व्यक्तिगत जानकारी प्राप्त कर संपर्क करके उन्हें फर्जी लिंक भेजकर ओटीपी पिन दर्ज करवाकर भी आन लाइन फ्राड की वारदातें होती हैं।
- ठग द्वारा सोशल मीडिया पर फर्जी विज्ञापन एवं वीडियो के माध्यम से वर्क फ्राम होम का प्रचार कर लोगो से संपर्क करके उन्हें पेंसिल, पेन पैकिंग, डाटा एंट्री या टाइपिंग वर्क जैसी फजी जाब दिलाने के नाम से भी कई आन लाइन ठगी के मामले सामने आ चुके हैं।
- ऑनलाइन लॉटरी केबीसी, गिफ्ट, कैशबैक, लोन, बीमा एवं फेस्टिवल आफर्स में ऑनलाइन शॉपिंग आदि के प्रलोभन देकर भी ठग खाते से पैसे निकाल लेते हैं।
- सेंट्रल फोर्स बीएसएफ, आर्मी, सीआईएसएफ आदि के नाम से ठग द्वारा लोगो से उनके प्रोफेशन के हिसाब से झांसा दिया जाता है कि हमें टीम के लिए आपकी सेवाएं चाहिए और आपको उसका पेमेंट एडवांस कर दिया जाएगा, उन्हें फर्जी लिंक या क्यू आर कोड भेजकर पेमेंट प्रोसेस की बात कहते हुए उनका खाता खाली कर दिया जाता है। वहीं बिजली अफसर बनकर कनेक्शन काटने का काल कर तत्काल बिजली बिल भुगतान करने के नाम से फर्जी लिंक भेजकर भी आन लाइन ठगी की वारदातें होती हैं।
- ठग द्वारा सोशल मीडिया पर अनजान आकर्षक प्रोफाइल बनाते हुए लोगो से दोस्ती कर उनका न्यूड वीडियो कॉलिंग का वीडियो रिकॉर्ड कर सेक्सटोर्शन ठगी के भी कई मामले सामने आ चुके हैं।
- टेलीग्राम एवं व्हाट्सप ग्रुप के माध्यम से लोगो को टास्क बेस काम देना, जिसमे शुरू में छोटा इन्वेस्टमेंट में प्रॉफिट देते हुए बाद में लोगो से बड़ा इन्वेस्टमेंट करवाने के बाद आन लाइन फ्राड किया जाता है।

सीएम यादव बोले

# शिक्षक दिवस की तरह हर साल मनाया जाएगा गुरु पूर्णिमा पर्व

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रविवार को इंदौर आए। देवी अहिल्या विवि में आयोजित कार्यक्रम में सीएम डॉ. मोहन यादव ने कहा कि कुलपति को कुलगुरु कहने की नींव इंदौर में ही पड़ी। तब मैं उच्च शिक्षा मंत्री के रूप में इंदौर आया था। गुरु जीवन में प्रकाश फैलाते हैं, इसलिए कुलपति को कुलगुरु कहने का प्रस्ताव बनाया। सरकार ने कुलपति के नाम बदलकर कुलगुरु किए हैं। उसी भाव को लाने के लिए गुरु पूर्णिमा पर्व पूरे प्रदेश में मनाया जा रहा है। शिक्षक दिवस, गुड़ी पड़वा की तरह गुरु पूर्णिमा पर्व भी पूरे प्रदेश में हर साल मनाया जाएगा।**



### गुरु के नाम पर पाकिस्तान को ऐसे घेरा

उन्होंने सांदीपनि के उदाहरण को समझाया। कहा कि यम जाति के लोगों ने उन्हें अपने बच्चों की शिक्षा के लिए पकड़ लिया था। वे कंस से परेशान होकर तीर्थाटन पर निकले थे। तब गुजरात के जामनगर के लोगों ने उन्हें रोक लिया। वहां हथियारबंद लोग हुआ करते थे। शिक्षा से उनका नाता नहीं था, इसलिए उन्होंने गुरु सांदीपनि को वहीं रोकने की कोशिश की। कहा कि हमारे बच्चों को शिक्षा दो।

उन्होंने उदाहरण देते हुए समझाया जैसे हमारे देश का कोई परमाणु वैज्ञानिक पाकिस्तान की बॉर्डर से निकले तो पाकिस्तान के लोग पकड़ लेंगे। ठीक इसी तरह गुरु सांदीपनि को जाम नगर के लोगों ने पकड़ लिया। लेकिन सांदीपनि ने इनकार किया तो उनके बेटे को पकड़ लिया। इसके बाद सांदीपनि उज्जैन आए।

### कुलपति ने विवि के 60 साल का इतिहास बताया

इससे पहले ऊअश्श् कुलपति डॉ. रेणु जैन ने विवि के 60 के इतिहास के बारे में बताया। कहा कि यहां से पढ़े विद्यार्थी पूरी दुनिया में ज्ञान का प्रकाश फैला रहे हैं। इस अवसर पर जीवाजी विवि के पूर्व कुलगुरु प्रो. पीवी सक्सेना को सीएम ने सम्मानित किया। फिजिक्स के पूर्व कुलपति और विभागाध्यक्ष प्रो. आशुतोष मिश्रा, केमेस्ट्री के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. अशोक शर्मा, प्रो. पीएन मिश्रा, प्रो.दीपक भटनागर, प्रो. केएन गुरुप्रसाद, प्रो. मंदिरा बैनर्जी का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में मंत्री तुलसी सिलावट, सांसद शंकर लालवानी, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, अपर मुख्य सचिव केसी गुप्ता, भाजपा नगर अध्यक्ष गौरव रणदिवे, विधायक मधु वर्मा, मालिनी गौड़, उषा ठाकुर, गोलू शुक्ला, संभागायुक्त दीपकसिंह, पुलिस कमिश्नर राकेश गुप्ता, कलेक्टर आशीषसिंह भी मौजूद हैं।

### काफिला रुकवाकर महिला से की चर्चा

रविवार को इंदौर दौरे पर पहुंचे मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने रामचंद्र नगर में अपना काफिला रुकवाकर सड़क किनारे भुट्टे का ठेला लगाने वाली बुजुर्ग महिला से के पास पहुंचे। बुजुर्ग महिला से चर्चा कर सरकारी योजनाओं की जानकारी ली और भुट्टे खाए। इस दौरान सीएम यादव ने अधिकारियो को महिला का पता नोट करने व सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के निर्देश दिये।

### इंदौर की तनिष्का को मुख्यमंत्री ने दिया आशीर्वाद

मध्य प्रदेश की सबसे कम उम्र में यूके लंदन से डबल ग्रेजुएशन करने वाली होनहार छात्रा तनिष्का सुजित ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी से भेंट की। इस मुलाकात में तनिष्का को मुख्यमंत्री जी से स्नेह और आशीर्वाद प्राप्त हुआ। मुख्यमंत्री ने तनिष्का की इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया और उज्जवल भविष्य के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा तनिष्का जैसी प्रतिभाशाली बेटियां न केवल अपने परिवार का बल्कि पूरे प्रदेश का नाम रोशन कर रही हैं। सांसद शंकर लालवानी भी इस अवसर पर उपस्थित थे और उन्होंने तनिष्का को आगे की उन्नति के लिए ढेर सारी बधाई दी।

# बारिश पर भारी रही गुरुभक्तों की भक्ति

## गुरु पूर्णिमा पर भक्तों ने किया चरण पूजन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**देपालपुर।** गुरु पूर्णिमा के अवसर पर नगर के चारों ओर गुरु भक्तों का मेला लगा रहा 24 अवतार मंदिर पर सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड़ने लगी थी 9 दिनों से चली आ रही रामधुन का आज समापन हुआ गुरु मंदिर को विशेष रूप से सजावट की गई थी भक्ति माली जयकरण दास जी महाराज की चरण पादुका का हजारों लोगों ने पूजन किया गया दूर-दूर से भक्त गंण पधारे भंडारे में सुबह से शाम तक लगातार भंडारा चलता रहा ग्राम जलोदिया पंथ कटिंग स्थित सूर्यमुखी हनुमान मंदिर पर दुधाधारी महाराज के चरण पादुका पूजन किया गया अखंड राम धुन का आयोजन किया गया साथ ही भोजन भंडारे का भी आयोजन किया गया ग्राम कटकोदा खेड़ापति हनुमान मंदिर



पर भी भक्तों की भीड़ देखी गई महामंडलेश्वर भगवान दास जी महाराज का शिष्यों द्वारा चरण पूजन किया गयाश्रीमद् भागवत कथा का समापन के पश्चात भंडारे का आयोजन किया गया जहां हजारों लोगों ने भोजन प्रसादी



ग्रहण की चटवाड़ा स्थित हनुमान मंदिर पर रघुनंदन दास जी महाराज का भक्तों द्वारा चरण पूजन किया गया व भक्तों ने भोजन प्रसादी ग्रहण की नगर के धाकड़ सेरी स्थिति धर्मशाला में किन्नररानी बुआ जी की शिष्या अलकाका गुरु पूर्णिमा के अवसर परसम्मान किया गया राम मंदिर पर भगवान की पोशाक भी अर्पित कीगई व भंडारे का आयोजन किया गया आज नगर में बारिश के बावजूदसुबह से ही 24 अवतार मंदिर तहसील रोड बेटमा रोड चमन चौराहा इंदौर नाका गौतमपुरा रोड पर वाहनों का रेला लगा रहा उक्त सभी मार्गो पर पैदल चल रहे भक्तों से सारे मार्ग पर भीड़ लगी रही

# मेडिकल टीचर्स के ट्रांसफर को लेकर आक्रोश

## एमटीए ने विरोध जताकर डिप्टी सीएम के नाम ज्ञापन सौंपा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** एमजीएम मेडिकल कॉलेज के तीन मेडिकल टीचर्स को कार्यमुक्त कर अन्य जिलों में अटैच करने का विरोध तेज हो गया है। शनिवार को मेडिकल टीचर्स एसोसिएशन (एमटीए) की इंदौर शाखा ने डीन को उप मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर विरोध जताया। आरोप है कि तीनों टीचर्सअहस्तांतरणीय सेवा होने के बाद भी अवैधानिक तरीके मंदसौर और नीमच में अटैच किया गया।

एमटीए के अध्यक्ष डॉ. अशोक ठाकुर ने बताया कि यह आश्चर्य का विषय है कि डीन द्वारा स्वशासी संस्था, इंदौर के अधीन अहस्तांतरणीय सेवा में नियुक्त 3 चिकित्सा शिक्षकों को कार्यमुक्त कर मेडिकल कॉलेज नीमच और मंदसौर में अटैच किया गया। ये तीनों एनएमसी के रिकॉर्ड में जनवरी 2024 में ही मेडिकल कॉलेज इंदौर में कार्यरत दर्शाए जा चुके हैं। इनके द्वारा जनवरी 24 में एनएमसी को प्रस्तुत शपथ पत्र में यह सत्यापित किया गया है कि वे किसी अन्य मेडिकल कॉलेज में मान्यता निरीक्षण में उपस्थित नहीं हुए हैं। एमजीएम कॉलेज द्वारा इसका खुला उल्लंघन किया जा रहा है। इनमें बायोकेमेस्ट्री विभाग के डॉ. शिवनारायण लहरिया, डॉ. रोहित मन्याल और माइक्रोबायोलॉजी विभाग के डॉ. भरत सिंह को मेडिकल कॉलेज मंदसौर और नीमच में अटैच किया गया है। एनएमसी द्वारा मेडिकल कॉलेज, मंदसौर और नीमच में जून 2024 में निरीक्षण किया गया था। इसमें 70-80% फैकल्टी की कमी पाई गई थी और मान्यता निरस्ती किए जाने चेतावनी दी गई थी।

# अहिंसा उद्यान में चलाया सफाई अभियान

## रैली निकाल कर सफाई मित्रों का किया सम्मान

**इंदौर।** अहिंसा उद्यान एम आई जी कॉलोनी वार्ड क्रमांक 44 में सफाई अपनाओ और बीमारी भगाओ, स्वच्छ शहर, स्वस्थ नागरिक द्वारा शनिवार को सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान रैली निकाली गई। इस अभियान के अंतर्गत महापौर प्रतिनिधि एवं पूर्व पार्षद रूपेश देवलिया, राजपूत समाज चेतना मंडल के संयोजक रतनसिंह राजपूत, अध्यक्ष एडवोकेट गजराजसिंह सोलंकी के आतिथ्य में सफाई मित्रों का सम्मान किया गया। इस मौके पर श्री देवलिया ने कहा कि इंदौर स्वच्छता में विगत 7 वर्षों से लगातार हिंदुस्तान में नंबर वन रहा है, आगे भी हम नंबर वन बनाएंगे। स्वच्छता से ही हम सब स्वस्थ रह सकते है। इस अभियान के दौरान हमारा सभी का दायित्व है कि स्वच्छता पर हम सभी पूर्ण रूप से ध्यान दें। हमारे सफाई मित्र अपना कार्य कर रहे हैं लेकिन हमारा भी फर्ज बनता है कि हम स्वयं भी शहर को स्वच्छ रखें। इस अवसर पर रैली भी निकाली गई, जिसको श्री देवलिया, रतनसिंह राजपूत, गजराजसिंह सोलंकी ने हरी झंडी दिखाकर आगे की ओर बढ़ाया। इसमें बड़ी संख्या में सफाई मित्र, सफाईकर्मचारी शामिल हुए।

# 'सविष्कार' ने कराई महिला उद्यमिता एवं विकसित भारत पर सीईओ टॉक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** 'सविष्कार' मालवा द्वारा महिला उद्यमिता एवं विकसित भारत पर राऊंड टेबल सीईओ टॉक कार्यक्रम आयोजित किया दिया। अटल इंक्युबेशन सेंटर-प्रेस्टीज इंस्पायर फ़ाऊंडेशन परिसर में इसमें 12 महिला उद्यमियों की सहभागिता रही। इस विषय पर आयोजित परिचर्चा में मुख्य अतिथि प्रांत संगठन मंत्री निलेश सोलंकी रहे।

शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं अतिथियों के स्वागत के साथ हुआ। सविष्कार के नेशनल मेंटर एवं मालवा प्रांत प्रमुख डॉ. पुनीत कुमार द्विवेदी ने स्वागत भाषण दिया। राष्ट्रीय सह संयोजिका दीक्षा यादव ने सविष्कार की अवधारणा पर प्रकाश डाला एवं गतिविधियों की



जानकारी दी। आयोजन में विशेष अतिथि सावन लड्ढा (फाउंडर एवं सीईओ- वर्की), गौरव गोयल (सहायक निदेशक, एम.एस. एम.ई इंदौर), सुश्री राधिका सिंह सिकरवार (प्रांत मंत्री- सविष्कार मालवा), श्रीमती अलका सैनी, (अभा टोली सह-प्रमुख -स्वदेशी जागरण मंच), डॉ. माला सिंह ठाकुर (समाजसेवी) एवं श्रीमती कलावती यादव (अध्यक्ष-उज्जैन नगर निगम) आदि उपस्थित रहे। अध्यक्षता इंक्युबेटर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. संजीव पाटनी ने की। अतिथि श्री सोलंकी ने महिला उद्यमिता की बढ़ती भूमिका एवं विकसित भारत की अवधारणा से सबको रूबरू कराया। श्री लड्ढा ने मालवा क्षेत्र में महिला उद्यमिता के प्रभाव एवं संभावनाओं से सबको अवगत कराकर सहायता का आश्वासन दिया। सुश्री सिकरवार ने प्राचीन काल से अब तक महिला उद्यमिता के क्षेत्रों में भारत की उपलब्धियों की चर्चा की। श्री गोयल में एम.एस.एम.ई मंत्रालय एवं सरकार की विभिन्न महिला उद्यमिता योजनाओं की जानकारी दी।

कार्यक्रम में महाविद्यालयीन विद्यार्थी एवं स्टार्ट-अप के फाऊंडर्स सम्मिलित हुए। इसका संचालन इंदौर संयोजक आदित्य यादव ने किया। आभार रक्षित मेहता (मालवा-सह प्रमुख) ने व्यक्त किया।

2 सत्र में हुई पैनल चर्चा

उद्घाटन सत्र के पश्चात पैनल डिस्कशन आयोजित की गई।

उक्त डिस्कशन 2 सत्र में आयोजित करके प्रत्येक में 6 महिला उद्यमियों द्वारा वक्ता के रूप में सहभागिता की गई। 12 महिला उद्यमियों द्वारा उनकी चुनौतियों एवं सम्भावनाओं के बारे में प्रतिभागियों को अवगत कराया गया। इसका संचालन प्रशांत कुलकर्णी (फाऊंडर-जूपर वर्ल्ड) ने किया।

# शंकराचार्य मठ में गुरु पूर्णिमा महोत्सव, गूंजे वैदिक मंत्रोच्चार

## कटु बोलने से न डरे और सही मार्गदर्शन दे वही सच्चा गुरु- डॉ. गिरीशानंदजी महाराज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** शंकराचार्य मठ इंदौर में आठ दिवसीय गुरुपूर्णिमा महोत्सव मनाया गया। 21 जुलाई को शंकराचार्य भक्त मंडल के सदस्य और श्रद्धालु बड़ी संख्या में मठ पहुंचे और उन्होंने शंकराचार्य मठ इंदौर के अधिष्ठाता सद्गुरु डॉ. गिरीशानंदजी महाराज का पाद पूजन किया। इस दौरान भक्तों ने परंपरा के अनुसार, वस्त्र, मिठाई, फल, श्रीफल, पुष्पमाला और दक्षिणा अर्पित कर गुरु की चरण वंदना की और आरती उतारी। सद्गुरु डॉ. गिरीशानंदजी महाराज ने भी अपने शिष्यों को भरपूर आशीर्वाद दिया।

इस दौरान गुरु पूजा के लिए मठ के प्रवचन हॉल में भक्त कतार में आए और पादु-पूजन किया। सुबह से ही भक्तों ने मठ पहुंचना शुरू कर दिया था। इस दौरान वैदिक मंत्रोच्चार और गुरुदेव के जयकारे गूंजते रहे। गुरु पूर्णिमा महोत्सव के लिए शहर के साथ ही मुंबई, भोपाल, जबलपुर, देवास, खंडवा, खरगोन, ओंकारेश्वर, बड़वाह आदि कई जगह से भक्तों ने आकर गुरु वंदना की।

**एक संत स्वभाव व्यक्ति ही कर सकता है सच्चे संत की पहचान-** डॉ. गिरीशानंदजी ने कहा कि वेद शास्त्रों के ज्ञान के अभाव में समाज सच्चे गुरुओं से दूर होता जा रहा है। सनातनी संत कौन हैं, कौन वास्तविक धर्म रक्षक हैं, कौन पूजनीय है और कौन सम्माननीय है, इस बारे में भी लोग दुविधा में पड़े हुए हैं। अज्ञानता के कारण लोग पाखंडी बाबाओं के चक्कर में पड़ जाते हैं और अपने धन और धर्म दोनों का शोषण करवा लेते हैं। भोली-भाली जनता पाखंडियों के अति प्रचार और धूर्त आयोजकों के चक्कर में भ्रम में पड़ जाती है और लुट जाती है। पांखडी बाबा लोगों की आस्था- श्रद्धा के साथ खिलवाड़ करते हैं। लोगों को चाहिए कि वे पाखंडी और ढोंगी बाबाओं से सावधान रहें। इसके लिए जरूर है कि लोग अपना आचरण सुधारें, संत स्वभाव धारण करें, क्योंकि एक संत स्वभाव व्यक्ति ही सच्चे संत की पहचान कर सकता है। शिष्यों के हित और मोक्ष का मार्ग दिखाने के लिए जो कटु बोलने से न डरे, वही सच्चा गुरु होता है।



**सात दिनों तक चली भागवत कथा-** इसके पूर्व गुरु पूर्णिमा महोत्सव के तहत 14 से 20 जुलाई तक मठ में भागवत कथा ज्ञान यज्ञ हुआ। इसमें सात दिनों तक मठ के अधिष्ठाता डॉ. गिरीशानंदजी महाराज ने अपने मुखारविंद से भागवत कथा सुनाई।

# रेवेन्यू इंस्पेक्टर के पद 69, अभी सिर्फ 29

## अब पटवारियों से लेंगे प्रभारी आरआई का काम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। शहर में आरआई के पद तो 69 हैं, लेकिन उन पर पदस्थापना मात्र 29 की ही है। कलेक्टर ने फैसला लिया है कि पटवारियों को प्रभारी आरआई का चार्ज दिया जाएगा। दरअसल, जिले में राजस्व संबंधी मामलों के निपटारे में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले आरआई की कमी पूरे प्रशासनिक ढांचे के लिए समस्याएं बनी हुई हैं।**

इसी कारण आवेदनों की पेंडेंसी भी बढ़ती है और जिले की रैंकिंग भी गिरती है। कहीं न कहीं इसका खामियाजा अंततः आवेदकों को भुगतना पड़ रहा है। कलेक्टर आशीष सिंह ने कहा कि हमने वरिष्ठता के आधार पर कम से कम 10 पटवारियों को आरआई का प्रभार देने का फैसला किया है।

राजस्व संबंधी मामलों के निपटारे में मदद करने के लिए पटवारियों को विभिन्न तहसीलों में तैनात करने से पहले आवश्यक प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि ट्रायल के तौर पर उठाए जा रहे इस कदम के नतीजों के आधार पर मेगा अभियान के समापन के बाद इसे जारी रखने के बारे में निर्णय लिया जाएगा।

# महिला प्रोफेसर ने पति और सास पर दर्ज कराया प्रताड़ना का केस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** एक महिला प्रोफेसर ने अपने पति और सास पर प्रताड़ना का केस दर्ज करवाया है। द्वारकापुरी पुलिस ने निजी कॉलेज की महिला प्रोफेसर की शिकायत पर पति अर्पण जैन और सास कुसुम जैन पर गंभीर धाराओं पर केस दर्ज किया है।

पुलिस के मुताबिक गुमाश्ता नगर निवासी शिखा जैन (38) ने बताया कि साल 2010 में अर्पण जैन से परिवार की मर्जी से उसकी शादी हुई। शादी के बाद 2017 तक ससुराल गिरधर नगर में सभी के साथ रही। शादी के बाद दो बेटे हुए। इनकी उम्र 12 साल और 6 साल है। लेकिन कुछ दिनों बाद ही ससुराल के लोगों का व्यवहार बदल गया। सास कुसुम जैन पति से पिटवाती थी। कहती थी तभी मायके से रुपए लेकर आएगी। इसके बाद पति और सास मुझे शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताडित करने लगे। महिला प्रोफेसर ने पुलिस को बताया कि परेशान होकर मैं किराये का घर लेकर अलग रहने लगी। यहां भी सास के कहने पर पति ने प्रताडित किया। महिला प्रोफेसर की तबीयत बिगडने लगी तो उसके एक बेटे ने पिता के द्वारा पीने और खाने की चीजों में दवाई मिलाने की बात कही। इसके बाद महिला प्रोफेसर ने स्पाय कैमरे लगाए तो पति की हरकतों का खुलासा हुआ। बाद में थाने जाकर पति-सास दोनों के खिलाफ प्रताडना सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज कराया।

# अच्छी बारिश के लिए निकाली गधों की यात्रा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** समीपस्थ महू तहसील में अच्छी बारिश नहीं होने से परेशान ग्रामीणों ने अब एक बार फिर टोटकों का सहारा लेना शुरू कर दिया है। महू के ग्राम गवली पलासिया में रविवार को बारिश के लिए ग्रामीणों ने 3 गधों को पूरे गांव में घुमाया। मान्यता है कि बारिश नहीं होने पर इंद्र देव को प्रसन्न करने के लिए गांव की यह परंपरा सालों पुरानी है। ग्रामीणों ने बताया गधों को मुक्तिधाम वाले रोड से उल्टा घुमाया जाता है। उसके बाद मुक्तिधाम जाकर विधि विधान से पूजा की जाती है। देवी-देवताओं का पूजन करने से अच्छी बारिश होती है। दरअसल, किसानों की सोयाबीन की फसल पकने की स्थिति में आ चुकी है। साथ ही आलू की बोवनी हो चुकी है, लेकिन पिछले 15 दिनों से अच्छी बरसात नहीं होने की वजह से किसानों को फसल की चिंता सताने लगी है। इसके लिए किसान अब तरह-तरह के टोटके कर रूठे इंद्रदेव को मनाने की कोशिश कर रहे हैं।

# उचित मूल्य दुकान में गड़बड़ी, केस दर्ज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** उचित मूल्य दुकान में गड़बड़ी के मामले में शिकायत पर पुलिस ने दुकान संचालक पर केस दर्ज किया है। आरोपी के द्वारा राशन की कालाबाजारी करने के लिए अनियमितताएं की गई। तुकोगंज थाना पुलिस ने फरियादी महादेव मुवेल की शिकायत पर आरोपी विनय जांगिड़ राम कृष्ण नगर कालोनी के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी के द्वारा उचित मूल्य की दुकान बंद पाई जाना, स्टाक बोर्ड जांच दिनांक का भरा नहीं पाया जाना, भौतिक सत्यापन में गेहूं और चावल का कम पाया जाना, इलेक्ट्रॉनिक तौल कांटे का सत्यापन पत्रक नहीं पाए जाना, खाद्यान्न के सील्ड सेंपल नहीं रखना, सहित अन्य कोई बोर्ड और बैनर नहीं लगाने। राशन की कालाबाजारी करने के उद्देश्य से गंभीर अनियमितताएं की गई। मप्र सार्वजनिक वितरण प्रणाली नियंत्रण आदेश 2015 का उल्लंघन किया गया है। शिकायत पर आरोपी के खिलाफ 3/7 आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत केस दर्ज किया है।

# दो शातिर बदमाशों से 16 मोबाइल बरामद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** राहगीर से मोबाइल झपटने के मामले में तेजाजी नगर पुलिस ने मात्र 24 घंटे में दो बदमाशों को पकड़ लिया। बदमाशों से 16 मोबाइल और वारदात में प्रयुक्त बाइक भी बरामद की है। पकड़े गए बदमाश पर थाने में मारपीट, चोरी के तीन मामले पहले से पंजीबद्ध है। टीआई देवेन्द्र मरकाम को फरियादी पीयूष पिता राजू सेन निवासी तेजाजी नगर ने बताया कि वह आवश्यक कार्य से 20 जुलाई को अपनी बाइक से कहीं जा रहा था। इस दौरान किसी का कॉल आने पर वह बाइक रोककर बात कर रहा था। तभी बाइक पर आए तीन बदमाश मोबाइल झपटकर भाग निकले। मामले में पुलिस ने अज्ञात बदमाशों पर लूट का केस दर्ज कर उनकी सरगर्मी से तलाश शुरू कर दी थी। आरोपियों को पकडऩे टीम गठित करने के साथ मुखबीर तंत्र भी सक्रिय किए गए थे। इसी बीच, मुखबीर से सूचना मिली कि एक अपचारी और उसका साथी सस्ते दाम पर मोबाइल बेचने रालामंडल के पास खड़ा है। सूचना पर सादी वर्दी में पुलिस जवान ग्राहक बनकर पहुंचे। मोबाइल खरीदने के दौरान जवानों ने बिल मांगा तो बदमाश इधर-उधर की बात करने लगा। सख्ती से पूछताछ की तो उसने मोबाइल चोरी का होना बताया। पकड़े गए आरोपी का नाम हर्ष पिता अनिल अमोलिया निवासी ग्राम मरीमाता मोरोद है। दोनों आरोपी महंगा शौक पूरा करने तथा नशे की लत के चलते वारदात करते थे। आरोपी से अन्य वारदातों को लेकर पूछताछ की जा रही है।

# युवक से डेढ़ लाख की ठगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** 400 रुपए का प्रोडक्ट वापस कराना महिला को भारी पड़ गया। ठग ने उसे झांसे में लेकर डेढ़ लाख रुपए ऐंठ लिए। पीडित महिला ने आजाद नगर थाने की साइबर हेल्प डेस्क पर शिकायत की है। जोन एक के एडिशनल पुलिस उपायुक्त आलोकसिंह को पीडिता नेहा ने बताया कि उसका पति बिजनेसमेन है। कुछ दिन पहले मैंने फ्लिपकार्ड से 400 रुपए का कोई प्रोडक्ट मंगवाया था। प्रोडक्ट पसंद नहीं आने पर उसे रिटर्न कर ऐप नहीं मिला। इसके बाद गूगल पर फ्लिप कार्ड का कस्टमर केयर नंबर सर्च किया। नंबर सर्चिंग करने पर उसका ठग से संपर्क हुआ। ठग ने बाकायदा महिला को वाटसअप कॉल करते हुए कहा कि आपका प्रोडक्ट वापस लेकर राशि रिफंड कर देंगे। इसके लिए आपको अपने बैंक का कार्ड बताना होगा। मैंने बैंक का नाम एयू बैंक का कार्ड बता दिया। कार्ड से बैंक का नाम मिलने के बाद ठग ने एप्लीकेशन पर जाने को कहा। जैसे ही पीडिता एप्लीकेशन पर गई उसके खाते से तीन बार में डेढ़ लाख रुपए निकल गए। महिला को ओटीपी भी आया। कुछ देर बाद जब पीडितों को बैंक से पैसे निकलने का मैसेज आया तो ठगी होने का पता चला। मामले में पुलिस ने अज्ञात बदमाश पर धोखाधड़ी का केस दर्ज कर लिया है। बता दें, पुलिस की तमाम एडवाइजरी के बावजूद लोग साइबर ठगी के शिकार हो रहे हैं।

# आईटीआई स्टूडेंट से छेड़छाड़

**इंदौर।** चंदन नगर में आईटीआई स्टूडेंट के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। परिचित युवक ने उसके साथ छेड़छाड़ कर धमकी दी। चंदन नगर पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक छात्रा की शिकायत पर शेखर नीमा और उसके साथी पर केस दर्ज किया गया है। छात्रा ने बताया कि शेखर उसकी कॉलोनी में रिश्तेदारों और दोस्तों से मिलने आता है। एक साल पहले वह कॉलोनी में ही किराये के घर में रहता था। इसलिये उसे जानती है। डेढ़ माह से लगातार वह उसका पीछा कर बात करने की कोशिश कर रहा था। 5 जून की दोपहर जब छात्रा अपनी सहेली के पार्लर पर जाने के लिये निकली तो शेखर रास्ते में मिला। पीछा कर कहने लगा कि वह उसे पसंद करता है। बात करने से इनकार करने पर बदनाम करने की धमकी दी।पार्लर जाकर छात्रा ने अपनी सहेली को पूरी बात बताई। परिवार के लोग बाहर निकलना बंद नहीं कर दें, इसलिये चुप रही। 15 जून को शेखर अपने दोस्त के साथ चंदन नगर में मिला। शेखर के दोस्त ने उसका हाथ पकड़ा तो छात्रा ने शोर मचाया। घर आकर परिवार को पूरी घटना बताई। जिसके बाद थाने आकर केस दर्ज कराया।

# भगवान श्री महाकाल की प्रथम सवारी आज धूमधाम से निकलेंगी, एलइडी रथ से श्रद्धालुओं को होंगे लाइव दर्शन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन**। धार्मिक नगरी उज्जैन में परम्परानुसार इस वर्ष भी श्रावण-भादौ मास में भगवान श्री महाकाल की सवारियां निकाली जायेंगी। इस वर्ष भगवान श्री महाकालेश्वर की 7 सवारियां निकलेंगी। श्रावण मास की प्रथम सवारी आज 22 जुलाई को नगर भ्रमण पर निकलेंगी। भादौ मास में भगवान महाकाल की अंतिम एवं शाही सवारी 2 सितम्बर को निकलेगी। श्रावण मास में 5 एवं भादौ मास में दो सवारी निकलेगी। इस वर्ष बाबा महाकाल के भक्तों को सवारी के दर्शन सुलभ हो सके इसके लिए मंदिर समिति चलित एलईडी रथ की व्यवस्था की गई है जो सवारी के आगे चलकर श्रद्धालुओं को दर्शन कराएंगी।

श्री महाकालेश्वर भगवान की प्रथम सवारी आज 22 जुलाई को श्रद्धा व भक्ति के साथ परम्परागत मार्ग से निकलेगी। सभा मंडल में भगवान श्री मनमहेश स्वरूप का पूजन-अर्चन के पश्चात भगवान श्री मनमहेश पालकी में विराजित होकर शाम 4 बजे नगर भ्रमण पर निकलेंगे। मंदिर के मुख्य द्वार पर सशस्त्र पुलिस बल के



जवानों द्वारा पालकी में विराजमान भगवान श्री मनमहेश को सलामी गार्ड ऑफ ऑनर दिया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव की मंशानुरूप जनजातीय लोक कला एवं बोली विकास अकादमी मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद के माध्यम से भगवान श्री महाकालेश्वर की सवारी में धार के भील जनजातीय भगोरिया नृत्य के सदस्यों का दल शामिल होगा। वहीं चलित रथ के माध्यम से बाबा महाकाल की सवारी का लाइव प्रसारण किया जाएगा। इस चलित रथ की विशेषता यह है कि इसमें लाइव बॉक्स रहेगा जिससे लाइव प्रसारण निर्बाध रूप से होगा।

श्री महाकालेश्वर मंदिर परिसर से सोमवार सायं 4 बजे भगवान महाकाल की सवारी निकलेगी। सवारी श्री महाकालेश्वर मंदिर से गुदरी चोराहा, बक्षी बाजार, कहारवाड़ी से होते हुए रामघाट शिप्रा तट पहुंचेगी। यहां सवारी का पूजन-अर्चन होने के बाद सवारी रामानुजकोट,मोढ़ की धर्मशाला,खाती समाज मंदिर, सत्यनारायण मंदिर, ढाबा रोड, टंकी चोराहा,छत्री चोक,गोपाल मन्दिर, पटनी बाजार, गुदरी बाजार होती हुई श्री महाकालेश्वर मंदिर में वापस आएंगी।

### बाबा महाकाल 7 सवारियों में 7 स्वरूपों में भक्तों को देंगे दर्शन

सावन-भादौ माह में राजाधिराज बाबा महाकाल प्रजा का हाल जानने के लिए नगर भ्रमण कर भक्तों को दर्शन देते है। इस वर्ष श्रावण माह की 5 और भाद्रपद माह की 2 सवारियां मिलाकर कुल 7 सवारियों में भगवान श्री महाकालेश्वर विविध मोहक रूपों में भक्तों को दर्शन देंगे।

1. 22 जुलाई को श्री महाकालेश्वर भगवान प्रथम सवारी में भक्तों को श्री मनमहेश के रूप में दर्शन देंगे।
2. भगवान श्री महाकालेश्वर की दूसरी सवारी 29 जुलाई को निकलेगी। इसमें पालकी में भगवान श्री चन्द्रमौलेश्वर के स्वरूप और हाथी पर श्री मनमहेश के स्वरूप में विराजित होंगे।
3. तीसरी सवारी 5 अगस्त निकलेंगी इसमें पालकी में भगवान श्री चन्द्रमौलेश्वर,हाथी पर श्री मनमहेश और गरूड़ रथ पर शिव तांडव के स्वरूप में विराजित होंगे।
4. चतुर्थ सवारी 12 अगस्त को निकलेंगी इसमें पालकी में श्री चन्द्रमौलेश्वर, हाथी पर श्री मनमहेश, गरूड़ रथ पर शिवतांडव और नंदी रथ पर उमा-महेश के स्वरूप में विराजित होंगे।
5. पंचम सवारी 19 अगस्त निकलेंगी इसमें पालकी में श्री चन्द्रमौलेश्वर, हाथी पर श्री मनमहेश, गरूड़ रथ पर शिवतांडव, नंदी रथ पर उमा-महेश और डोल रथ पर होल्कर स्टेट के मुखारविंद सम्मिलित रहेगा।
6. षठम सवारी 26 अगस्त को निलेंगी इसमें पालकी में श्री चन्द्रमौलेश्वर,हाथी पर श्री मनमहेश,गरूड़ रथ पर शिव तांडव, नंदी रथ पर उमा-महेश और डोल रथ पर होल्कर स्टेट के मुखारविंद के साथ श्री घटाटोप मुखोटा सम्मिलित रहेगा।
7. अंतिम व शाही सवारी सप्तम सवारी 2 सितम्बर को निकलेगी। इस दौरान पालकी में श्री चन्द्रमौलेश्वर,हाथी पर श्री मनमहेश, गरूड़ रथ पर शिव तांडव, नंदी रथ पर उमा-महेश और डोल रथ पर होल्कर स्टेट के मुखारविंद,श्री घटाटोप मुखोटा व श्री सप्तधान मुखारविंद सम्मिलित रहेगा।

# दूध स्टोरेज प्लांट पर छापा मिलावट की आशंका

### तीन टैंकर दूध मिला, सैंपल लिए; केमिकल, कास्टिक सोडा के साथ मिल्क पाउडर के बिल मिले

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रतलाम**। रतलाम के डेलनपुर स्थित दूध स्टोरेज प्लांट पर रविवार दोपहर प्रशासन के अधिकारियों ने मिलावट की आशंका में छापेमार कार्रवाई की। मौके पर तीन टैंकर दूध से भरे मिले। लिक्विड केमिकल, कास्टिक सोडा भी मिला है, जिनके सैंपल लिए है। मिल्क पावडर के बिल मिले है, जिन्हें जब्ती में लिया है।

टीम अपनी कार्रवाई कर रही थी इस दौरान कलेक्टर राजेश बाथम भी स्टोरेज प्लांट पहुंचे। उन्होंने खाद्य अधिकारी को सैंपल लेकर जांच करने को कहा। स्टोरेज प्लांट के संचालक राहुल पाटीदार से प्लांट के बारे में जानकारी ली। दोपहर 3 बजे तक कार्रवाई चलती रही। रतलाम से करीब 8 किमी दूर स्थित ग्राम डेलनपुर से कुछ दूरी पर स्थित बालाजी टाउनशिप में पीछे बने स्टोरेज प्लांट पर छापामार कार्रवाई की। कलेक्टर राजेश बाथम को सूचना मिली थी की दूध में मिलावट कर उसे तैयार किया जा रहा है। सूचना पर टीम बनाकर एसडीएम अनिल भाना, तहसीलदार ऋषभ ठाकुर के साथ पटवारियों को भेजा। खाद्य अधिकारी कमलेश जमरा, सीएसपी अभिनव वारंगे, थाना औद्योगिक क्षेत्र प्रभारी राजेंद्र वर्मा भी पहुंचे।

### जब्ती में यह लिया

मौके पर तीन टैंकर क्रमांक जीजे 03 बीवी 4408, आरजे 06 जीसी 5216 और आरजे 09 जीसी 4963 खड़े मिले। तीनों टैंकर में अलग-अलग मात्रा में दूध था। एक टैंकर में 7 हजार, एक में 6 हजार व एक टैंकर में 2 हजार लीटर दूध भरा हुआ था। तीनों टैंकर में भरे दूध के सैंपल लिए। इसके अलावा टी पोल लिक्विड जो कि सफाई में उपयोग होता है उसका सैंपल लिया। जिम में उपयोग किए जाने वाले मिल्क पाउडर के बिल मिले है। इससे प्रशासन को आशंका है कि यहां पर दूध में मिलावट कर बाहर भेजा जाता है।

# डंपर ने बाइक सवार दो दोस्तों को रौंदा, मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर**। बाइक सवार दोस्तों को तेज रफ्तार डंपर ने रौंद दिया। दोनों की मौके पर मौत हो गई। घटना बिजौली थाना क्षेत्र में खेरिया मोदी और करगंवा गांव के बीच हाईवे पर रविवार सुबह हुई। विनीत कुशवाहा और सौरभ जाटव घर से बाइक में पेट्रोल डलवाने के लिए निकले थे। घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने हाईवे पर जाम लगा दिया।

# बालिका गृह से लड़की को भगा ले गए 6 नकाबपोश

### दीवार फांदकर घुसे, खिड़की से चाबी खींचकर लॉक खोला, गार्ड सोती रही

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर। ग्वालियर में बालिका गृह से 17 साल की लड़की को 6 नकाबपोश भगा ले गए। नकाबपोश कैम्पस में पीछे बनी 4 फीट ऊंची दीवार फांदकर घुसे। गार्ड रूम में टेबल पर रखी चाबी खिड़की से डंडे के जरिए खींची। चैनल का लॉक खोला। आवाज लगाकर लड़की को जगाया, फिर उसे साथ लेकर निकल गए।**

मामला कंपू स्थित वन स्टॉप सेंटर में शुक्रवार-शनिवार की रात 1.40 से 2 बजे के बीच का है। सिर्फ 20 मिनट में नकाबपोश लड़की को भगा ले गए। इस घटना का सीसीटीवी वीडियो सामने आया है। इसमें लड़की एक नकाबपोश का हाथ पकड़कर निकलती दिख रही है।



इस दौरान ड्यूटी पर तैनात महिला गार्ड सोती रही। वन स्टॉप सेंटर के मुख्य दरवाजे पर दो महिला सहित तीन सुरक्षा गार्ड तैनात थे। इनमें पुलिस का जवान भी था। मुख्य दरवाजे पर तैनात स्टाफ को अंदर की कुछ भनक नहीं लगी। पुलिस ने अपहरण का मामला दर्ज किया है।

**पुलिस को लड़की के प्रेमी पर शक-** एएसपी अखिलेश रेनवाल और सीएसपी अशोक जादौन ने बताया, लड़की इससे पहले भी दो बार अपने घर से भाग चुकी है। पुलिस को शक है कि इस घटना के पीछे लड़की के प्रेमी का हाथ है। पुलिस को यह भी शक है कि मुलाकात के दौरान यह पूरी योजना बनाई गई। इसलिए नकाबपोशों को हर चीज की जानकारी थी।

**7 जून को कोर्ट ने लड़की को भेजा था बालिका गृह-** लड़की थाटीपुर इलाके से लापता हुई थी। थाने में उसके प्रेमी पर अपहरण का केस दर्ज किया गया था। पुलिस ने लड़की को बरामद कर 7 जून को कोर्ट में पेश किया। उसने मां-पिता के साथ जाने से मना कर दिया। ऐसे में कोर्ट ने उसे बालिका गृह भेजा था। यहां से वह पहले भी निकलने की कोशिश कर चुकी थी, इसीलिए उसे बालिका गृह के तीसरे कमरे में रखा गया था। यह कमरा सबसे अंदर है। अब पुलिस मामले की जांच कर रही है कि बालिका गृह में से किसी की मिलीभगत तो नहीं है।

# मेडिकल ऑफिसर ने महिला अधिकारी से छेड़खानी की

### बोलीं- गलत डिमांड की, हाथ पकड़ा, 3 दिन पहले लेडी डॉक्टर ने भी कराई थी एफआईआर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**छिंदवाड़ा**। छिंदवाड़ा में परासिया के चीफ ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर (सीबीएमओ) पर छेड़खानी की एफआईआर हुई है। केस स्वास्थ्य विभाग में पदस्थ एक नर्सिंग ऑफिसर ने दर्ज कराया है। एक हफ्ते में सीबीएमओ डॉ. प्रमोद वाचक पर यह दूसरा छेड़खानी का मामला दर्ज हुआ है। इससे पहले 17 जुलाई को परासिया थाने में एक लेडी डॉक्टर ने रिपोर्ट कराई थी।

महिला अधिकारी का कहना है कि घटना 4 मार्च की है। सीबीएमओ ने अपने क्लीनिक पर बुलाकर उनका हाथ पकड़ा। गलत डिमांड की। कोतवाली टीआई उमेश गोलहनी ने बताया कि ये मामला वर्कप्लेस में छेड़खानी का है। एफआईआर कर ली है, इनके डिपार्टमेंट को भी लिखा जाएगा।

### सैलरी रुकवाने की धमकी देते थे

महिला अधिकारी ने कहा कि मेरा काम मेंटरिंग विजिट का है। मेंटरिंग विजिट की चेक लिस्ट में सीबीएमओ के सिग्नेचर जरूरी होते हैं। मैं इसके लिए 4 मार्च को उनके कार्यालय पहुंचीं। वहां से मोबाइल पर बात की तो उन्होंने अपने प्राइवेट क्लिनिक पर बुलाया। यह क्लिनिक परासिया रोड पर है।

महिला अधिकारी ने बताया, ह्वक्लीनिक पहुंची तो सीबीएमओ ने गंदी निगाह से देखा। बोले- मुझे साइन के बदले में क्या दोगी? मैंने पूछा- पैसे चाहिए क्या? बोले- पैसे किसको चाहिए? तुम समझदार हो, मुझे क्या चाहिए...। सीबीएमओ डॉ. प्रमोद वाचक ने नजदीक आकर मेरा हाथ पकड़ा। मैंने कहा कि साइन कर दीजिए, मेरे मामा बाहर खड़े हैं। इस पर वे घबरा गए और तुरंत साइन कर चेक लिस्ट दे दी। मैंने ये बात अपने कलीग्स और परिवार को बताई। शुरूआत में इसलिए शिकायत नहीं की क्योंकि डर गई थी। ये सैलरी रुकवाने की धमकी देते थे। जब परासिया में डॉक्टर ने सीबीएमओ के खिलाफ केस किया तो मैं भी थाने पहुंची।ह्न

### कलेक्टर सस्पेंड कर चुके हैं

सीबीएमओ डॉ. प्रमोद वाचक के खिलाफ कई महिलाएं शिकायत कर चुकी हैं। इससे पहले एक सीएचओ और एएनएम के साथ स्टाफ नर्स ने भी शिकायत की थी। उस मामले में कलेक्टर ने इन्हें सस्पेंड कर दिया था। एक साल पहले इन्हें हाईकोर्ट से स्टे मिला था।

## संपादकीय

# अरबों रुपए का कारोबार प्रभावित

तकनीकी संसाधनों पर निर्भरता बढ़ते जाने से व्यवसाय-वाणिज्य, निजी और दफ्तरी कामकाज में तेजी तो आई है, मगर इसमें एक खराबी किस कदर दुनिया की सारी रफ्तार रोक देती है, इसका ताजा उदाहरण माइक्रोसाफ्ट के नए साफ्टवेयर में आई गड़बड़ी है। माइक्रोसाफ्ट के सर्वर में गड़बड़ी आने से दुनिया भर के दफ्तरों में कामकाज लगभग ठप्प हो गया, रफ्तार थम गई। विभिन्न देशों में चौदह सौ से ऊपर हवाई सेवाएं रद्द करनी पड़ीं और हजारों हवाई जहाज देरी से उड़ पाए। टेलीविजन प्रसारण, बैंक सेवाओं, शेयर बाजार के कामकाज बुरी तरह प्रभावित हुए। हालांकि माइक्रोसाफ्ट के इंजीनियर इस गड़बड़ी को सुधारने में जुट गए, मगर इतने भर से दुनिया भर में अरबों रुपए का कारोबार प्रभावित हो गया। दरअसल, माइक्रोसाफ्ट ने एक नया साफ्टवेयर तैयार किया है, जिससे उपभोक्ताओं को तेज, सुविधाजनक और सुरक्षित सेवा देने का दावा किया गया था। यह साफ्टवेयर क्लाउड सेवा से जुड़ा हुआ है। उसमें क्राउड स्ट्राइक नामक साइबर सेंधमारी से सुरक्षा प्रदान करने वाले 'एंटीवायरस' को अद्यतन किया गया, तभी से गड़बड़ी शुरू हो गई। कंप्यूटर अपने आप बंद और चालू होने लगे। इससे माइक्रोसाफ्ट कंपनी की साख पर सवाल उठने शुरू हो गए हैं। हालांकि कुछ महीने पहले एलन मस्क ने भी माइक्रोसाफ्ट के 'एज' नामक नए साफ्टवेयर की व्यावहारिकता पर सवाल उठाया था। उन्होंने एक्स पर लिखा था कि यह साफ्टवेयर अव्यावहारिक है, जो कई कंप्यूटरों से एक साथ जुड़ जाता है और इस तरह इसकी सुरक्षा विश्वसनीय नहीं रह जाती। मगर तब माइक्रोसाफ्ट की तरफ से जवाब में कहा गया था कि यह साफ्टवेयर उपभोक्ता को कहीं भी बैठ कर आसानी से काम करने की सुविधा देता है। इसमें सेंधमारी का खतरा नहीं रहता। अब फिर से इस साफ्टवेयर की विश्वसनीयता संदिग्ध हो गई है। फिलहाल यह दावा करना मुश्किल है कि किसी साइबर अपराधी ने ऐसी गड़बड़ी पैदा की, पर ऐसी हरकत से इनकार नहीं किया जा सकता। जैसे-जैसे इलेक्ट्रानिक उपकरणों पर लोगों की निर्भरता बढ़ती गई है, वैसे-वैसे इसके खतरे भी बढ़ते गए हैं। साइबर सेंधमार लोगों के बैंक खातों, दफ्तरों के दस्तावेजों, कंपनियों के लेखा-जोखा वगैरह में सेंधमारी करने लगे हैं। हर इलेक्ट्रानिक उपकरण निर्माता कंपनी साइबर सेंधमारी रोकने के लिए वायरसरोधी उपाय करती है। जो कंपनी इसमें पिछड़ जाती है, वह बाजार में भी पिछड़ जाती है। माइक्रोसाफ्ट ने भी इसी समस्या से बचाने के लिए नई तकनीक ईजाद करने का दावा किया था। हर नई तकनीक में प्रायोगिक स्तर पर कुछ न कुछ अड़चन आती है। मगर जब कोई भरोसेमंद कंपनी अपने किसी उत्पाद को बड़े पैमाने पर बाजार में उतारती है, तो पहले यह सुनिश्चित कर लेती है कि वह पूरी तरह कारगर है। न जाने कैसे माइक्रोसाफ्ट से यह चूक हो गई कि इस साफ्टवेयर को लेकर आ रही शिकायतों को नजरअंदाज करते हुए इसे बाजार में चलाए रखा। माइक्रोसाफ्ट एज नामक तकनीक उपयोगी और सुविधाजनक हो सकती है, मगर पूरी तरह भरोसेमंद बन जाने से पहले उसे बाजार में इतने बड़े पैमाने पर नहीं वितरित किया जाना चाहिए था। जिस एंटीवायरस की वजह से ताजा समस्या आई बताई जा रही है, उसके परीक्षण में भी कही न कहीं चूक हुई। इस साफ्टवेयर में गड़बड़ी के चलते सिर्फ कुछ देर में जिस तरह दुनिया भर में करोड़ों लोगों को परेशानियां और व्यावसायिक संगठनों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा, उसकी भरपाई होना मुश्किल है।

### अर्ज़ किया है..!

*खटक रही है कोई शय*
*निकाल दे कोई*
*तड़प रहा है दिल-ए-बे-*
*क़रार सीने में*

*-मुबारक अज़ीमाबादी*

## धर्म-कर्म

# सावन शुरू, 12 ज्योतिर्लिंगों में ज्योति स्वरूप विराजित हैं भोले भंडारी

सावन का महीना हिंदू पंचांग का पांचवां महीना होता है। यह महीना भगवान शिव की आराधना के लिए सबसे श्रेष्ठ माना जाता है। जिसमें भगवान शिव की पूजा-उपासना करने पर हर तरह की मनोकामनाएं जल्द ही पूरी होती हैं। इस बार 22 जुलाई से सावन का महीना आरंभ हो रहा है। हिंदू धर्म ग्रंथों में सावन के महीने को श्रावण के नाम से भी जाना जाता है। इस माह कथा सुनने और देवों के देव महादेव की विशेष पूजा का खास महत्व होता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार सावन के महीने में शिवलिंग की पूजा और मंदिरों में भोलेनाथ के दर्शन करने पर भोलेनाथ की विशेष कृपा मिलती है। इसके अलावा सावन के महीने में देशभर में स्थित सभी 12 ज्योतिर्लिंग के दर्शन और पूजा-आराधना करने का विशेष महत्व होता है। हिंदू धर्म में भगवान शिव के द्वादश ज्योतिर्लिंग की पूजा का बहुत ज्यादा महत्व माना गया है। सावन माह के पवित्र महीने के अवसर पर आइए जानते हैं भगवान महादेव के सभी 12 ज्योतिर्लिंग कहां- कहां स्थित हैं और क्या है इनका धार्मिक और पौराणिक महत्व....

### 1- सोमनाथ ज्योतिर्लिंग



देश के 12 प्रमुख ज्योतिर्लिंग में गुजरात के सौराष्ट्र क्षेत्र में स्थित सोमनाथ ज्योतिर्लिंग को पहला ज्योतिर्लिंग माना जाता है। ज्योतिष के अनुसार जन्म कुंडली में मौजूद चंद्रमा के अशुभ प्रभाव को दूर करने के लिए सोमनाथ ज्योतिर्लिंग की पूजा और दर्शन अत्यंत फलदायक होते हैं।

### 2- मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग



आंध्र प्रदेश में स्थित मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग को दक्षिण भारत का कैलाश भी कहते हैं। धार्मिको मान्यताओं के अनुसार मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग भगवान शिव और माता पार्वती का संयुक्त रूप है।

### 3- महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग



यह ज्योतिर्लिंग मध्यप्रदेश के उज्जैन जिले में स्थित है। महाकालेश्वर को कालों िका काल महाकाल नाम से जाना जाता है। यह ज्योतिर्लिंग क्षिप्रा नदी के किनारे स्थित है।

### 4- ओमकारेश्वर ज्योतिर्लिंग



इस ज्योतिर्लिंग के बारे में ऐसी मान्यता है कि भगवान भोलनाथ तीनों लोकों का भ्रमण करने के बाद हर रात को यहां पर विश्राम करने के लिए आते हैं। इस स्थान पर भगवान शिव और माता पार्वती चौसर खेलते हैं।

### 5- केदारनाथ ज्योतिर्लिंग



केदारनाथ धाम भगवान शिव को बहुत ही प्रिय होता है। केदारनाथ का वर्णन स्कन्द पुराण एवं शिव पुराण में मिलता है। केदारनाथ धाम को ऊर्जा का बड़ा केंद्र माना जाता है।

### 6- भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग



इस ज्योतिर्लिंग में स्थापित शिवलिंग काफी बड़ा और मोटा है। जिसकी वजह से इस मोटेश्वर महादेव के नाम से भी जाना जाता है।

### 7- काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग



द्वादश ज्योतिर्लिंगों में काशी विश्वनाथ का स्थान काफी विशेष है। ऐसी मान्यता है कि काशी नगरी भगवान शिव के त्रिशूल पर टिकी हुई है। सावन के महीने में भगवान शिव के दर्शन के लिए देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु काशी विश्वनाथ पहुंचते हैं। स्कन्द पुराण के अनुसार जो प्रलय में भी लय को प्राप्त नहीं होती,आकाश मंडल से देखने में ध्वज के आकार का प्रकाश पुंज दिखती है वह काशी अविनाशी है।

### 8- त्र्यम्बकेश्वर ज्योतिर्लिंग



यह ज्योतिर्लिंग महाराष्ट्र के नासिक जिले में स्थित है। कालसर्प दोष के निवारण के लिए इस ज्योतिर्लिंग का विशेष महत्व होता है। इस ज्योतिर्लिंग में तीन छोटे-छोटे शिवलिंग है जो त्रिदेव के प्रतीक माने जाते है।

### 9- वैद्यनाथ ज्योतिर्लिंग



यह ज्योतिर्लिंग झारखंड के देवघर में स्थित है। इस स्थान को रावणेश्वर धान के नाम से भी जाना जाता है। इस स्थान पर रावण ने भगवान भोलेनाथ को प्रसन्न के लिए अपने 9 सिरों को काटकार शिव जी को अर्पित कर दिया। तब भगवान शिव ने प्रसन्न होकर रावण का वरदान दिया था।

### 10- नागेश्वर ज्योतिर्लिंग



यह ज्योतिलिंग गुजरात के द्वारका में स्थित है। शिवपुराण के अनुसार शिवजी का एक नाम नागेशं दारुकावने भी है। नागेश्वर का अर्थ होता है नागों का ईश्वर।

### 11- रामेश्वरम ज्योतिर्लिंग



शिव पुराण के अनुसार रामेश्वरम ज्योतिर्लिंग का निर्माण स्वयं भगवान श्रीराम ने किया था। भगवान राम के द्वारा बनाए जाने के कारण इस ज्योतिर्लिंग का नाम रामेश्वरम पड़ा। ऐसी मान्यता है कि लंका पर विजय हासिल करने के बाद भगवान राम ने समुद्र तट पर बालू से शिवलिंग बनाकर स्वयं पूजा की थी।

### 12- घुश्मेश्वर ज्योतिर्लिंग



यह ज्योतिलिंग महाराष्ट्र के औरंगाबाद में स्थित है। इस ज्योतिर्लिंग को घृसणेश्वर या घुश्मेश्वर के नाम से भी जाना जाता है।

New Delhi

# आरएसएस के आयोजनों में जा सकेंगे केंद्रीय कर्मचारी, 58 साल बाद हट गया बैन

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) की गतिविधियों में सरकारी कर्मचारियों के भाग लेने पर लगा प्रतिबंध हटा लिया है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के आईटी विभाग के प्रमुख अमित मालवीय ने भी आदेश का स्क्रीनशॉट साझा किया और कहा कि 58 साल पहले जारी एक असंवैधानिक निर्देश को नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने वापस ले लिया है।

कांग्रेस महासचिव (संचार) जयराम रमेश ने भी कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय द्वारा 9 जुलाई को जारी एक कार्यालय ज्ञापन साझा किया, जो आरएसएस की गतिविधियों में सरकारी कर्मचारियों की



भागीदारी से संबंधित है। उक्त आदेश में कहा गया है, 'उपर्युक्त निर्देशों की समीक्षा की गई है और यह निर्णय लिया गया है कि 30 नवंबर 1966, 25 जुलाई 1970 और 28 अक्टूबर 1980 के संबंधित कार्यालय ज्ञापनों से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का उल्लेख हटा दिया जाए।'

आदेश की तस्वीर के साथ एक पोस्ट में रमेश ने कहा, 'फरवरी 1948 में गांधीजी की हत्या के बाद सरदार पटेल ने आरएसएस पर प्रतिबंध लगा दिया था। इसके बाद अच्छे आचरण के आश्वासन पर प्रतिबंध को हटाया गया। इसके बाद भी आरएसएस ने नागपुर में कभी तिरंगा नहीं फहराया।' उन्होंने पोस्ट में कहा, '1966 में आरएसएस की गतिविधियों में भाग लेने वाले सरकारी कर्मचारियों पर प्रतिबंध लगाया गया था और यह सही निर्णय भी था।

Uttarpradesh

## यूपी में कांवड़ यात्रा मार्ग पर दुकान मालिकों का नाम लिखने के योगी के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई आज



**नई दिल्ली, (एजेंसी)** सुप्रीम कोर्ट सोमवार को उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार के उस आदेश के खिलाफ एक याचिका पर सुनवाई करेगा जिसके तहत कांवड़ यात्रा मार्ग पर होटल, रेस्तरां, ढाबा, फल और खान-पान की दुकानों पर मालिक का नाम लिखना अनिवार्य कर दिया गया है। एक एनजीओ एसोसिएशन ऑफ प्रोटेक्शन ऑफ सिविल राइट्स (एपीसीआर) ने यूपी सरकार के आदेश को चुनौती दी है। यह याचिका जस्टिस ऋषिकेश रॉय और जस्टिस एसवीएन भट्टी की बेंच के सामने सुनवाई के लिए लिस्ट हुई है। इस आदेश के खिलाफ दो और याचिकाएं सर्वोच्च न्यायालय में दायर की गई हैं। एक पिटीशन राजनीतिक चिंतक अपूर्वानंद और सामाजिक कार्यकर्ता आकार पटेल की है जबकि दूसरी याचिका तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की सांसद महुआ मोइत्रा ने लगाई है।

अपूर्वानंद और आकार पटेल ने अपनी याचिका में कोर्ट से यूपी सरकार को यह आदेश वापस लेने का निर्देश देने की अपील की है। इन लोगों ने इस आदेश को जाति और धर्म के आधार पर भेदभाव करार दिया है। इन लोगों ने कहा है कि आदेश में दुकानदारों की जातीय और धार्मिक पहचान बताने वाले नाम लिखने कहा गया है लेकिन खान-पान का सामान मांसाहारी है या निरामिष, ये दुकान के बाहर लिखने नहीं कहा गया है। दोनों ने इसे संविधान के अनुच्छेद 15 का उल्लंघन बताते हुए कोर्ट से दखल देने की मांग की है।

New Delhi

## सीपीआईएम सांसद को खालिस्तानी पन्नू के संगठन से मिली धमकी, सिख फॉर जस्टिस की तरफ से आया कॉल

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** केरल से कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (मार्क्सवादी) के राज्यसभा सांसद को खालिस्तानी आतंकी पन्नू के संगठन की तरफ से धमकी मिली है. CPIM सांसद वी. शिवादासन ने राज्यसभा चेयरमैन जगदीप धनखड़ को पत्र लिखकर इसकी शिकायत की है. चिट्ठी में शिवादासन ने कहा है कि उन्हें सिख फॉर जस्टिस की तरफ से धमकी भरा कॉल आया है. बता दें कि पन्नू के खिलाफ 16 केस अलग-अलग राज्यों में दर्ज हैं. उस पर पंजाब के सरहिंद में यूएपीए के तहत मामला दर्ज है. अमृतसर और दिल्ली में यूएपीए के तहत 4, गुरुग्राम में एक केस दर्ज है. एनआईए द्वारा यूएपीए के तहत एक केस दर्ज है. नए डोजियर के मुताबिक वो इंडिया गेट पर खालिस्तानी झंडा फहराने वाले को 2.5 मिलियन यूएस डॉलर देने की घोषणा कर चुका है. उसने ऐसे पुलिसकर्मी को 1 मिलियन यूएस डॉलर देने की घोषणा की थी जो 15 अगस्त 2021 को लाल किले पर तिरंगा लहराने से रोके. इसके अलावा कई बार ऑडियो वॉयस मैसेज भेज कर भारत की एकता और अखंडता को वो चुनौती दे चुका है.

Haryana

# हरियाणा के अंबाला में 5 लोगों की हत्या से हड़कंप

**चंडीगढ़, (एजेंसी)** हरियाणा के अंबाला जिले में पांच लोगों की हत्या से हड़कंप मच गया है. यहां भाई ने अपने ही सगे भाई के पूरे परिवार को खत्म कर दिया. इतना ही नहीं रात में उनके शवों को जलाने का प्रयास भी किया. जब पुलिस को इस घटना की सूचना हुई तो पुलिस अधीक्षक रात करीब तीन बजे घटनास्थल पहुंचे और पुलिस अधिकारियों को इस मामले में कार्रवाई करने के आदेश दिए. अंबाला के नारायणगढ़ के रतोर खेतो गांव में रविवार देर रात इस जघन्य अपराध को अंजाम दिया गया है. यहां सगे भाई ने भाई के परिवार को खत्म कर दिया और रात में शवों को जलाने का प्रयास किया. इसकी सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने अधजले शवों को अंबाला कैंट अस्पताल पहुंचाया. वहीं इस घटना में घायल पिता को नारायणगढ़ में एडमिट कराया गया है. जबकि सात साल की घायल बच्ची को चंडीगढ़ रेफर किया गया है. जानकारी के मुताबिक, भाई ने जमीन विवाद को लेकर इस वारदात को अंजाम दिया है. इससे पहले बीते मई महीने में हिसार जिले में ट्रिपल मर्डर की सनसनीखेज वारदात सामने आई थी. यहां एक शख्स ने घरेलू विवाद में अपनी पत्नी और दो सालों को गोली मार दी थी. इसके बाद अपने दो लड़कों और एक लड़की को लेकर घर से भाग गया था. इस ट्रिपल मर्डर को उसने अपनी लाइसेंसी रिवॉल्वर से अंजाम दिया था. पुलिस के मुताबिक, आरोपी प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करता था.

खेल

# नॉर्डिया ओपन के फाइनल में राफेल नडाल को लगा तगड़ा झटका, बोर्गेस ने 6-3, 6-2 से हराया

**नई दिल्ली। स्पेन के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी राफेल नडाल को तगड़ा झटका लगा है। नॉर्डिया ओपन के फाइनल मैच में उन्हें नूनो बोर्गेस के हाथों हार का सामना करना पड़ा। सातवीं वरीयता प्राप्त पुर्तगाल खिलाड़ी ने स्पेन के अनुभवी खिलाड़ी को 6-3, 6-2 से हराया।**



### जीत के बाद बोर्गेस क्या बोले बोर्गेस?

नडाल 2022 फ्रेंच ओपन के बाद पहली बार एटीपी टूर पर किसी प्रतियोगिता के फाइनल में पहुंचे थे। बोर्गेस ने एकतरफा जीत के बाद कहा, 'यह शानदार है, टेनिस में कभी-कभी ऐसा होता है जिसकी आप उम्मीद नहीं करते है। मुझे पता है कि यहां हम सभी चाहते थे कि राफा (नडाल) जीते, मेरे अंदर का एक हिस्सा भी यही चाहता था, लेकिन दूसरा हिस्सा मुझे कुछ बड़ा करने के लिए प्रेरित कर रहा था।'

**19 की उम्र में जीता था खिताब-** नडाल ने स्वीडन में 2005 में 19 वर्ष की उम्र में खिताब जीता था, जिसके बाद वह पहली बार यहां खेल रहे थे। वह पेरिस में रोलां गैरो पर ओलंपिक में खेलने की तैयारी में हैं। उन्होंने पहले दौर में स्वीडन के महान खिलाड़ी ब्योर्न बोर्ग के बेटे लियो बोर्ग को हराया। 38 वर्ष के नडाल ने विम्बलडन में भाग नहीं लिया था। वह पिछले डेढ़ साल से कूल्हे और पेट की चोटों से जूझ रहे हैं।

सिनेमा

# तृप्ति डिमरी ने व्हाइट ऑफ शोल्डर बॉडीकॉन गाउन में ढाया कहर



नेशनल क्रश तृप्ति डिमरी सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और उन्होंने एक बार फिर अपने लेटेस्ट लुक से इंस्टाग्राम का पारा हाई कर दिया है। इन हालिया तस्वीरों में तृप्ति डिमरी बेहद ग्लैमरस अवतार में नजर आ रही हैं। इन तस्वीरों में तृप्ति डिमरी व्हाइट कलर के ऑफ-शोल्डर फुल स्लीव्स बॉडीकॉन गाउन में बला की हसीन लग रहीं हैं, जिन्हें देख फैंस होश खो बैठे हैं। फोटोज में तृप्ति डिमरी के चेहरे का नूर और उनकी कातिल निगाहें फैंस के दिलों को घायल करती हुईं दिखाई दे रहीं हैं।

## Highlights

1. Kanwar eateries order will divide society: Shankaracharya
2. Must maintain sanctity: Rijiju on Jairam's 'live-tweeting' at all-party meet
3. Who has presented most number of Budgets?
4. Devotees take dip in River Ganga, visit Lord Shiva temples as Sawan starts
5. Bengaluru worst hit as dengue cases cross 14,000-mark in Karnataka
6. Over 100 mm rain hits Mumbai in 12 hrs, Mithi River nears danger mark

# Dolly Khanna adds 5 new stocks to portfolio: Here's how she adjusted her investment

**NEW DEIHI, (Agency).** Dolly Khanna has added five new stocks to her portfolio in the June quarter as per shareholding data. Spending around ₹68 crore to add to her nearly ₹500 crore, the investor added Supar Sales India, Selan Exploration Tech, Emkay Global Financial, Nile and Tinna Rubber and Infrastructure to her portfolio in the June quarter as per shareholding data.



How much stakes has Dolly Khanna taken in the stocks?

As per shareholding pattern for the quarter ended June 30, 2024, Dolly Khanna purchased a 1.06 per cent stake in Super Sales India. In Selan Exploration Technology, Dolly Khanna acquired a 1.56 per cent stake. In Emkay Global Financial Services, she bought a 1.63 per cent stake. In Nile Ltd, she secured a 1.1 percent stake and in Tinna Rubber and Infrastructure, she bought a 1.03 per cent stake.

What has Dolly Khanna changed in her existing portfolio?

In her existing portfolio, Dolly Khanna made adjustments as well. She increased her stake in nine companies and reduced holdings in three while keeping her position unchanged in three others. As per the shareholding data, Dolly Khanna's name is missing from the public shareholders' list for Pondy Oxides & Chemicals, Salzer Electronics, Control Print, Selan Exploration Technology and KCP Sugar and Industries Corp.

This may mean that she has divested her entire stake in these companies or her stake has fallen below the one per cent threshold which is needed for publicly-listed companies to disclose the names of shareholders.

Elevate your career with VIT's MBA programme that has been designed by its acclaimed faculty & stands out as a beacon for working professionals.

# OnePlus Nord 4 hasn't forgotten why it exists, and it's a reason for consistency

**NEW DEIHI, (Agency).** OnePlus' Nord really is now in its fourth generation, as the name suggests, which makes any attempts to justify its positioning and proposition as irrelevant as pressure washing your car on a rainy day. The OnePlus Nord 4 follows through on a legacy that began dressed in the beautiful marble-esque finish of the first-generation Nord back in 2020. A rare bright spark, in those dark times. Through the years, OnePlus hasn't derailed from the core proposition that originally defined the Nord phones – an alternative flagship phone experience. Not easy to achieve as the smartphone market still finds itself largely hemmed into two major category boxes – mid-range Android phones and premium, flagship Android phones. This doesn't sit in either of those boxes, and that remains its charm.



The OnePlus Nord 4's charm offensive begins with an aluminium unibody, which isn't always the case (in fact, it's rarely ever the case) with phones that are priced around ₹29,999 onwards. Competition landscape includes Xiaomi Redmi Note 13, the Vivo V30, Samsung Galaxy A35, for those who find it relevant the Galaxy S23 FE, and for higher spec variants, the Google Pixel 8a. An ode to the OnePlus 3T perhaps?

# होटल में पुलिस ने की मॉकड्रिल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। शहर की सुरक्षा व्यवस्था तथा शहर में विभिन्न आयोजनों को दृष्टिगत रखते हुए इंदौर पुलिस द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों के दिशा निर्देशन में शहर के महत्वपूर्ण स्थानों की सुरक्षा व्यवस्था की चैकिंग व निरीक्षण एवं आपातकालीन स्थिति में पुलिस, प्रशासन व संस्थानों की क्या सुरक्षा तैयारियां है इसका भी जायजा लिया जा रहा है।**



इसी अनुक्रम में पुलिस उपायुक्त (आसूचना एवं सुरक्षा) हंसराज सिंह एवं अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (सुरक्षा) प्रमोद सोनकर के मार्गदर्शन में इंदौर पुलिस की सुरक्षा शाखा एवं बीडीडीएस टीम द्वारा अमर विलास होटल इंदौर में किसी आपातकालीन स्थिति से निपटने हेतु किस प्रकार बेहतर सुरक्षा संबंधी प्रबंधन किया जाए इस संबंध में मॉक ड्रिल की गई। इस ड्रिल में सहायक पुलिस आयुक्त सुरक्षा-1 अनिल कुमार मण्डराह एवं बीडीडीएस प्रभारी निरीक्षक खालिद मुश्ताक के दिशा निर्देशन में, इंदौर पुलिस एवं बीडीडीएस टीम ने अमर विलास होटल के सुरक्षा स्टाफ को भी लेकर, किसी आपातकालीन परिस्थितियों/लावारिस (विस्फोटक सामग्री वाली) वस्तु मिलने पर किस प्रकार से कार्यवाही की जाए एवं जनता की सुरक्षा का ध्यान किस प्रकार रखा जाए आदि बातों का जीवंत अभ्यास कराया गया। साथ ही पुलिस अधिकारियों द्वारा वहा की सुरक्षा के संबंध में स्टाफ के साथ बात की तथा उन्हें ऐसी परिस्थिति में क्या करे और क्या न करें आदि महत्वपूर्ण बातें बताई।

# पड़ोसियों में हुआ विवाद, मां-बेटे घायल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** घर के सामने टैंकर का पानी बह जाना दो पड़ोसियों को नागवार गुजरा। दोनों आपस में भिड़ गए, जिसमें मां-बेटे को चोट आई है। मामला लसूडिया थाना क्षेत्र के सिंगापुर टाउनशिप का है। फरियादिया संगीता इंगले ने बताया कि वह अपने घर पर टैंकर से पानी डलवा रही थी, तभी थोड़ा पानी पड़ोस में रहने वाले प्रदीप जायसवाल के घर के सामने भरा गया। इस पर प्रदीप ने आपत्ति ली तो मैंने कहा, पानी साफ कर दूंगी, लेकिन पड़ोसी गालियां देने लग गए। विवाद बढ़ने पर संगीता का बेटा अभिषेक बीच बचाव करने आया तो प्रदीप और उसकी पत्नी निकिता, भाई दीपक ने मां-बेटे को डंडे से जमकर पीटा। आसपास के लोगों ने दोनों पक्षों को जैसे-तैसे शांत किया। मामले में प्रदीप ने भी थाने में क्रास रिपोर्ट दर्ज कराई है। प्रदीप की शिकायत पर पुलिस ने अभिषेक, उसके जीजा श्याम और मां संगीता पर केस दर्ज कर लिया है। सूत्रों की मानें तो पानी बह जाने की बात पर विवाद होना मुद्दा बनाया गया है। दरअसल, दोनों पक्षों में लंबे समय से वाहन घर के सामने रखने की बात पर विवाद चल रहा था। इसके चलते कई बार दोनों पक्षों में तनातनी चल रही थी।

## स्वयं सेवक के घर हमला

एरोड्रम इलाके में आरएसएस स्वयं सेवक के घर हुए हमले के बाद अस्पताल में मारपीट का मामला सामने आया है। जानकारी के मुताबिक हमले के बाद एरोड्रम पुलिस मेडिकल के लिए कल जिला अस्पताल लेकर पहुंची थी। आरोपियों ने पुलिस के सामने ही मारपीट शुरू कर दी। पूरी घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आए है। संतोष पिता चम्पालाल चौहान के घर कुछ लोगों ने हमला कर दिया। रात करीब 1 बजे जिला अस्पताल में मेडिकल करने पहुंचे संतोष चौहान के ऊपर आरोपियों ने पुलिसकर्मियों के सामने ही हंगामा किया।

# जानापाव में लगा लंबा जाम, कई वाहन फंसे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। मानपुर थाना क्षेत्र में आने-वाले भगवान परशुराम की जन्म स्थली जाना पाव में रविवार को हजारों की संख्या में पर्यटक पहुंचे। लेकिन हालात यह हो गए कि कई वाहन ऊपर तक पहुंच ही नहीं पाए।**

पूरी पहाड़ी पर लंबा जाम लग गया इस दौरान दोनों और कई वाहन फंसे रहे। सोमवार से सावन महीना शुरू होना है। इसलिए रविवार को कई कांवड़ यात्री जाना पाव में स्थिति कुंड से जल भरने भी यहां पहुंचे। इसके साथ ही रविवार होने के चलते युवाओं की टोलियां और पर्यटक भी यहां पहुंच गए। ऐसे में वाहनों की लंबी-लंबी कतारें लगने लगीं। जानापाव में यहां बारिश और ठंड में मौसम खुशनुमा हो जाता है। कारण है कि आसपास हरियाली और पहाड़ी होने पर विहंगम दृश्य नगर आते हैं। इन दृश्य को निहारने यहां बड़ी संख्या में पर्यटकों की भीड़ उमड़ती है।

## चौकीदारों ने की थी मंडी में चोरी

**इंदौर।** पिछले दिनों छावनी मंडी के व्यापारी के गोदाम से काबुली चने चोरी हो गए थे। जांच के बाद पुलिस ने व्यापारी के चौकीदारों को गिरफ्तार किया है। रावजी बाजार पुलिस के अनुसार,12 जुलाई को फरियादी कन्हैया गर्ग निवासी नवलखा ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उनके गोडाउन से चना चोरी हुआ है। मामले में पुलिस ने वहां चौकीदारी करने वाले रणजीत सिलावट, शरद सेलार, रजत सिलावट, सौरव उर्फ बाबू सोनकर और ललिताबाई को पकड़ा। आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक